आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 16.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढ़ोतरी की।

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तराखण्ड के मिलेट्स उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर जोर दिया।

- राज्य के सरकारी कार्मिकों के लिए कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज सहित अन्य लाभों के लिए सरकार ने पांच बैंकों के साथ अनुबंध किया।

- आई०टी०आई, नई टिहरी में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेटिंस मेले का आयोजन, 6 सौ पदों पर युवाओं को मिलेगा अप्रेंटिस का मौका।

केंद्रीय कैबिनेट

केंद्र सरकार ने आज विपणन सत्र 2025–26 के लिए रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेपसीड और सरसों की फसलों में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की बढोतरी की गई है। वहीं मसूर दाल में दो सौ 75 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो सौ दस रुपये प्रति क्विंटल और गेंहू का एक सौ 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है।

श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की भी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि भत्ते में वृद्धि का लाभ 49 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और 64 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा।

बेकरी उत्पादों का अनवारण

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तराखण्ड के मिलेट्स उत्पादों के मूल्य संवर्धन के प्रयास करने पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के मिलेट्स पोषक तत्वों से भरपूर है जिसके कारण पूरी दुनिया में इनकी मांग है। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर राजभवन में राज्यपाल ने आज पर्यटन विकास परिषद और दून बेकर्स एसोसिएशन के ''सिकदर बेकरी उत्पादों'' की श्रृंखला का अनावरण किया। यह बेकरी उत्पाद महान त्रिकोणमिति विशेषज्ञ राधानाथ सिकदर की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई को मापने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि इन विशेष उत्पादों के माध्यम से उत्तराखण्ड के स्वाद, संस्कृति और परंपराओं को एक नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल स्थानीय उत्पादों और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ–साथ पर्यटन अनुभव को भी समृद्ध करेगी। इन नवाचारों से राज्य के लोगों के साथ ही पर्यटकों को स्थानीय पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे स्थानीय लोगों को भी फायदा पहुंचेगा।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि ''सिकदर बेकरी उत्पादों'' के सभी उत्पाद हिमालयी क्षेत्र में पाए जाने वाले तत्वों जैसे सी बकथॉर्न, गोजी बेरीज, केसर और कई प्रकार के बाजरे से तैयार किए गए हैं। इन उत्पादों के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं। सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य

के सभी बेकरी, कैफे और होटलों में इन उत्पादों को उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटक राज्य के किसी भी हिस्से में इन व्यंजनों का स्वाद ले सकें।

आचार संहिता

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत रुद्रप्रयाग जिले में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के साथ ही जिले में किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कोई भी सभा या बैठक का आयोजन संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर अथवा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की बिना पूर्व अनुमति के नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा किसी प्रत्याशी अथवा उनके समर्थकों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी प्रतिबंधित रहेगा।

गौरतलब है कि रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 29 अक्टूबर नाम दाखिल करने की अंतिम तिथि है। 30 अक्टूबर को नामंकन पत्रों की जांच की जाएगी। चार नवम्बर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। मतदान की तिथि 20 नवम्बर तय की गई है और 23 नवम्बर को मतगणना होगी।

दुर्घटना

चमोली जिले के जोशीमठ विकास खंड में स्थित मलारी के सुराईथोटा–भापकुण्ड मोटर मार्ग पर कल देर रात को पागती पुल के पास एक वाहन के खाई में गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए जोशीमठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

अनुबंध

प्रदेश के सरकारी कार्मिकों के लिए कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज और अन्य लाभों के लिए राज्य सरकार और भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और जिला सहकारी बैंक के बीच अनुबंध किया गया है। राज्य के कार्मिक, जिनका सैलरी खाता इन बैंकों में है, वे इससे लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वित मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की उपस्थिति में यह अनुबंध किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी कार्मिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस अनुबंध का निर्णय लिया गया है। ये सभी बैंक कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज को कर्मचारियों के लिए और लाभकारी बनाने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। श्री धामी ने कहा कि इन बैंकों की शाखाओं में वेतन बचत खाते के खाताधारकों को व्यक्तिगत बीमा कवर के साथ–साथ अन्य वित्तीय लाभों की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

अप्रेंटिस मेला

नई टिहरी के स्वतंत्रता संग्रमा सेनानी हीरा सिंह चौहान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रधानामंत्री नेशनल अप्रेटिंस मेले में प्रशिक्षण बेरोजगारों की भीड़ उमड़ी। इस मेले में औद्योगिक क्षेत्रों की 11 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। चयन के बाद इन कंपिनयों में 600 पदों पर युवाओं को अप्रेंटिसशिप दी जाएगी जिसके बाद युवाओं रोजगार मुहैया करवाया जाएगा। आइटीआई नई टिहरी की प्रधानाचार्य पल्वी ने बताया कि इस मेले उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को विभिन्न कंपनियों के जरिए रोजगार से जोड़ना है।

आईटीआई प्रशिक्षण करने के बाद अप्रेंटिस में के लिए आई नई टिहरी की छात्रा सनम ने बताया कि उसने कोपा से कंप्यूटर साइंस डिप्लोमा किया है और वह अब अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन कर रही है।

## कार्यशाला

चम्पावत जिला कलेक्ट्रेट सभागार में डॉक्टर आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के सहयोग से आपदा प्रबन्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों को आपदा न्यूनीकरण में फस्ट रिस्पांडर की भूमिका के बारे में जानकारियां दी गयी। कार्यक्रम निदेशक डॉक्टर ओम प्रकाश ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में 60 कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें आपदाओं के संबंध में विभिन्न जानकारी दी जा रही है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य कार्मिकों को आपदा के समय राहत और बचाव कार्यो के बेहतर सम्वन्य के लिए तैयार करना है।

## रात्रि गश्त

ऊधमसिंह नगर जिले के सभी थानों और चौकियों में रात के समय गश्त बढाई जाएगी। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटने को भी कहा है। श्री मिश्रा ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और संवेदनशील स्थानों की लगातार चेकिंग करने के निर्देश अधिकारियों का दिये हैं।

## हरी झंडी

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने घर–घर से कूड़ा उठाने के नगर पालिका के दो कूड़ा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को कूड़ा वाहन मिलने से कूड़ा निस्तारण कार्यों में और गति मिलेगी। उन्होंने शहर को साफ स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगरवासियों से कूड़े को इधर–उधर न फेंकने की अपील की।

## वाइब्रेंट विलेज

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत विकास योजनाओं के प्रस्तावों की समीक्षा की। उन्होंने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की विभागवार समीक्षा करते हुए मुख्य कृषि अधिकारी को कोल्ड स्टोरेज यूनिट और प्रोसेसिंग यूनिट का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। पर्यटन अधिकारी को वाइब्रेंट विलेज में गर्मियों और सर्दियों में पर्यटकों की आवाजाही की रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा गया। जिलाधिकारी ने सीमांत गांवों के ग्रामीणों को बैंकिग सुविधा से जोड़ने के लिये बैंक या मिनी बैंक स्थापित करने की योजना बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत चमोली में सीमावर्ती गांव नीती, गमशाली, बाम्पा, फरकिया, मलारी, कोषा, कैलाशपुर, महरगांव, गुरु कुटी, माणा, बामणी, गजकोटी, कुरकुटी और जोशीमठ को संतृप्त किया जा रहा है।